Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 12-12-2006

Participants : Dubey Shri Chandra Shekhar

an>

Title: Need to prepare a report on the proposed expansion of Bokaro Steel Company and to give fast relief to displaced families.

श्री चन्द्र शेखर दूबे (धनबाद) : महोदय, झारखण्ड विधान सभा चुनाव 2005 के समय बोकारो दौरा के क्रम में माननीय प्रधान मंत्री जी ने आश्वासन दिया था कि बोकारो इस्पात संयंत्र का विस्तार 10 मिलियन टन तक तथा संयंत्र द्वारा विस्थापितों की समस्याओं का समाधान किया जायेगा। बोकारो में बड़े पैमाने पर भूमि अधिग्रहीत की गई है, जिसके कारण 64 गांव विस्थापित हुए हैं। उक्त गांवों में से बहुत से ऐसे गांव हैं जो केवल कागजी रूप से अधिग्रहीत हैं। आज भी ग्रामीण पूर्ववत उसी गांव में रहते हैं। उन्हें ि वस्थापन एवं पुर्नवास की मूलभूत सुविधा जेसे भूखंड आबंटन आदि से वंचित रखा गया है।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि यदि बोकारो इस्पात संयंत्र के विस्तार की योजना हो, तो शीघ्र विस्तार-योजना-प्र ातिवेदन (डीपीआर) तैयार कराया जाये, यदि नहीं है तो संयंत्र के लिए अनुपयोगी एवं अवांछनीय भूमि को पूर्व की तरह संबंधित लोगों को लौटा दिया जाये जिससे जीवनयापन कर रहे ग्रामीणों के अवरूद्ध विकास का मार्ग प्रशस्त हो और राज्य सरकार की ग्रामीण विकास योजनाओं का लाभ इन ग्रामीणों को भी मिल सके।